K-011

Roll No. ..........................

**Paper Code – A010101T**

**B.A.I (Semester-I) EXAMINATION, 2022-23**

**(NEP)**

# HINDI

**(Hindi Kavya)**

Time : Two Hours] [Maximum Marks : 75

**नोट–** इस प्रश्नपत्र में तीन खण्ड "अ", "ब" और "स" हैं। प्रत्येक खण्ड में वर्णित निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नपत्र हल कीजिए। अभ्यर्थियों को अपने उत्तर केवल दी गई उत्तर पुस्तिका में ही देना है। कोई अलग से उत्तर पुस्तिका (B कॉपी) उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।

## खण्ड–अ
## (लघु–उत्तरीय प्रश्न)

**नोट–** सभी प्रश्न **अनिवार्य** है। निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लघु उत्तरीय प्रश्नों के रूप में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है।

1. (क) कबीर के राम और तुलसी के राम में अन्तर बताइये।

(ख) रीतिकाल की चार प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) निराला की कविता 'वर दे वीणा वादिनि वर दें।' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) महादेवी वर्मा की भाषा पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

(ङ) प्रयोगवाद के सम्बन्ध में संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

(च) 'अकाल और उसके बाद' कविता के भाव पक्ष का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(छ) 'गीत–फरोश' कविता का मूल कथ्य स्पष्ट कीजिए।

(ज) छायावाद की तीन प्रमुख विशेषताओं का परिचय दीजिए।

(झ) प्रगतिवाद की प्रमुख तीन प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।

## खण्ड–ब

## (दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)

**नोट–** प्रस्तुत खण्ड में चार दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं जिनमें से **एक** प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का है।

2. दिए गये पद्य अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

*गोरी सोवे सेज पर, मुख पर डारे केस।*
*चल खुसरो घर आपने, रैन भई चहुँ देश।।*
*खुसरो रैन सुहाग की, जागी पी के संग।*
*तन मेरो मन पीउ को, दोऊ भए एक रंग।।*

**अथवा**

3. दिए गये पद्य अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

सरवर तीर पदमिनी आई। खोंया छोरि केस मुकुलाई।
ससि मुख अंग मलयगिरि बासा। नागन्ह झाँपिलीन्हचहुँ पासा।।
ओनई घटा परी जग छाँहा। ससि कै सरन लीन्ह जनु राहा।।
छपि गै दिनहिं भानु कै दसा। लेइ निसि नखत चाँद परगसा।।
भूलि चकोर दीठि मुँह लावा। मेघ घटा महँचंद देखावा।।
दसन दामिनी को किल भाखी। भौहैं धनुख गगन लेइ राखी।।
नैन खजन दुइ केलि करे हीं। कुचनारंग मधुकर रस लेहीं।।
सरवर रूप विमोहा, हिए हिलोरहिं लेइ।
पाँव छुवै मकु पावौं, एहि मिस लहरहिं देइ।।

**अथवा**

4. दिए गये पद्य अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

स्तब्ध ज्योत्स्ना में जब संसार
चकित रहता शिशु सा नादान,
विश्व की पलकों पर सुकुमार
विचरते हैं जब स्वप्न अजान,
न जाने नक्षत्रों से कौन
निमंत्रण देता मुझको मौन!

**अथवा**

5. दिए गये पद्य अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

*एक आदमी*
*रोटी बेलता है*
*एक आदमी रोटी खाता है*
*एक तीसरा आदमी भी है*
*जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है*
*वह सिर्फ रोटी से खेलता है*
*मैं पूछता हूँ–*
*'यह तीसरा आदमी कौन है?'*
*मेरे देश की संसद मौन है।*

## खण्ड–स
## (दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)

**नोट–** प्रस्तुत खण्ड में चार दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं जिनमें से **ए** करना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का है।

6. भक्तिकाल की विशेषताओं का विस्तृत विवेचन कीजिए।

**अथवा**

7. 'बिहारी ने गागर में सागर भर दिया है।' इस कथन के अ बिहारी के काव्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

8. गोस्वामी तुलसी दास के काव्य की भाव एवं कलापक्षीय व विशेषताओं का निरूपण कीजिए।

**अथवा**

9. नागार्जुन के काव्य में प्रकृति चित्रण की विवेचना कीजिए

••••

Roll. No. ........................

O.M.F. Serial No. | | | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| 111583 |

# B.A. (SEM.-II) (NEP) EXAMINATION, 2023

## HINDI

## (Karyalayi Hindi Aur Computer)

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 1 | T |

| Question Booklet Series |
|---|
| C |

**Time : 1 : 30 Hours** **Max. Marks : 75**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as - A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct / answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

*(Remaining instructions on last page)*

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C एवं D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. मुख्य रूप से पल्लवन को किस शैली में लिखना चाहिए ?

(A) समास शैली

(B) व्यास शैली

(C) वर्णनात्मक शैली

(D) विवेचनात्मक शैली

2. अंग्रेजी शब्द प्रेसी (Precis) का हिन्दी रूपान्तरण क्या है ?

(A) संक्षेपण

(B) पल्लवन

(C) टिप्पण

(D) प्रारूपण

3. कार्यालयी टिप्पणी का प्रयोग किस हेतु होता है ?

(A) स्थानान्तरण की सूचना हेतु

(B) किसी कर्मचारी को चेतावनी हेतु

(C) कार्यालयी कर्मचारियों पर टिप्पणी हेतु

(D) किसी निर्णय तक पहुँचने के लिए विद्यमान नियमों-तथ्यों के अनुरूप विचार हेतु

4. संक्षेपण का प्रारूप किस काल और पुरुष में होना चाहिए ?

(A) वर्तमान काल – उत्तम पुरुष

(B) भविष्यत् काल – मध्यम पुरुष

(C) भूतकाल – अन्य पुरुष

(D) उपर्युक्त सभी

5. Drafting का हिन्दी कृत रूप क्या है ?

(A) विस्तारण

(B) संक्षेपण

(C) प्रारूपण

(D) टिप्पण

6. निबन्ध लेखन का मुख्य तत्त्व क्या है ?

(A) एकसूत्रता

(B) व्यक्तित्व का प्रतिबिम्ब और आत्मीयता

(C) अपनापन और कलात्मकता

(D) उपर्युक्त सभी

7. विशेष प्रकार के नियमों में बंधे और निश्चित प्रक्रिया से युक्त पत्र क्या कहलाते हैं ?

(A) अनौपचारिक पत्र

(B) औपचारिक पत्र

(C) परिपत्र

(D) व्यावसायिक पत्र

8. औपचारिक पत्रों में क्या सम्बोधन लिखा जाता है ?

(A) महोदय

(B) प्रिय

(C) पूज्य

(D) आदरणीय

9. भारतीय लिपियों के लिए मानक की-बोर्ड है :

(A) रेमिंग्टन

(B) इनस्क्रिप्ट

(C) फोनेटिक

(D) उपर्युक्त सभी

10. हिन्दी इनपुट टूल का क्या कार्य है ?

(A) किसी भी भाषा को लिखने की सुविधा देना

(B) किसी भी भाषा को बोलकर लिखना

(C) हिन्दी लिखने की सुविधा देना

(D) उपर्युक्त सभी

11. शब्द संसाधन क्या है ?

(A) एक विधा

(B) एक एप्लिकेशन

(C) एम.एस. ऑफिस

(D) दोनों (A) एवं (B)

12. पत्र-व्यवहार का इलैक्ट्रॉनिक माध्यम क्या कहलाता है ?

(A) ई-मेल

(B) ई-पत्र व्यवहार

(C) इलैक्ट्रॉनिक-मेल

(D) उपर्युक्त सभी

13. ई-मेल द्वारा भेजा जा सकता है :

(A) ज्ञापन

(B) रिपोर्ट

(C) पत्र

(D) उपर्युक्त सभी

14. ई-मेल के कितने भाग/घटक हैं ?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

15. ई-मेल भेजने और प्राप्त करने के मुख्य कारक हैं :

(A) कम्प्यूटर

(B) इण्टरनेट

(C) लैपटॉप

(D) मोबाइल

16. वेबसाइट या जालस्थान को किस नाम से जाना जाता है ?

(A) डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू (W.W.W)

(B) मेल

(C) इण्टरनेट

(D) कम्प्यूटर

17. विश्व का पहला सर्च इंजन है :

(A) जी-मेल

(B) याहू

(C) आर्ची

(D) इंफोसिस

18. की-बोर्ड में फंक्शन कीज़ की संख्या कितनी होती है ?

(A) 14

(B) 13

(C) 12

(D) 15

19. कम्प्यूटर में की-बोर्ड का क्या काम है ?

(A) छापना

(B) टाइप करना

(C) इनपुट करना

(D) उपर्युक्त सभी

20. पॉवर प्वाइंट क्या है ?

(A) एक सॉफ्टवेयर

(B) एक तकनीक

(C) एक प्रोग्राम

(D) उपर्युक्त सभी

21. पी.पी.टी. के अन्तर्गत पेज़ को क्या कहा जाता है ?

(A) विण्डो

(B) स्लाइड

(C) पृष्ठ

(D) कर्सर

22. वाक् पहचान का प्रयोग किन कार्यों के लिए किया जाता है ?

(A) मोबाइल उपकरणों

(B) शिक्षा

(C) ग्राहक सेवा

(D) उपर्युक्त सभी

23. याहू (Yahoo) सर्च इंजन कब बनाया गया ?

(A) 1995 में

(B) 1996 में

(C) 1997 में

(D) 1998 में

24. भारत की पहली राजनीतिक पार्टी कौन-सी है, जिसने अपनी खुद की वेबसाइट बनाई ?

(A) कॉंग्रेस

(B) भारतीय जनता पार्टी

(C) बसपा

(D) आप

25. इंटरनेट पर पहला भारत का डिजिटल अखबार कौन-सा है ?

(A) द हिन्दू

(B) इंडिया टुडे

(C) टाइम्स ऑफ इण्डिया

(D) दैनिक भास्कर

26. पंचकार्ड किस वर्ष बनाए गये थे ?

(A) 1837 में

(B) 1949 में

(C) 1801 में

(D) 1991 में

27. कार्यालयी भाषा का उद्देश्य क्या है ?

(A) हिन्दी का प्रचार-प्रसार करना

(B) हिन्दी को देश की राष्ट्रभाषा सुनिश्चित कराना

(C) हिन्दी को सम्मान दिलाना

(D) उपरोक्त सभी

28. हिन्दी दिवस किस दिन मनाया जाता है ?

(A) 14 सितम्बर

(B) 15 जून

(C) 18 दिसम्बर

(D) 10 अक्टूबर

29. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भारतीय भाषाएँ हैं ?

(A) 14

(B) 15

(C) 18

(D) 22

30. क्षेत्र के राज्य कार्यालयी पत्र-व्यवहार में किस भाषा का उपयोग कर सकते हैं ?

(A) पूर्णतः हिन्दी

(B) हिन्दी-अंग्रेजी

(C) क्षेत्रीय

(D) उपरोक्त में से कोई भी

31. वर्ष 1955 में गठित प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) बी.जी. खेर

(B) सुनीति कुमार चटर्जी

(C) जी.बी. पंत

(D) पी. सुब्बारायण

32. राजभाषा के लिए 'नेशनल लैंग्वेज' शब्द किसने प्रयोग किया है ?

(A) जवाहर लाल नेहरू

(B) श्री राजगोपालाचारी

(C) राजर्षि टण्डन

(D) सेठ गोविन्ददास

33. 'ऑफिशियल लैंग्वेज' का आशय क्या है ?

(A) राजभाषा

(B) राष्ट्रभाषा

(C) सम्पर्क भाषा

(D) मानक भाषा

34. राजभाषा आयोग का गठन कब किया गया था ?

(A) वर्ष 1956 में

(B) वर्ष 1955 में

(C) वर्ष 1960 में

(D) वर्ष 1970 में

35. कम्प्यूटर की दुनिया में हिन्दी का प्रवेश कब हुआ ?

(A) 90 के दशक में

(B) 80 के दशक में

(C) 70 के दशक में

(D) 60 के दशक में

36. हिन्दी टंकण के लिए कौन-सा की-बोर्ड प्रयोग किया जाता है ?

(A) इन्स्क्रिप्ट ऑनस्क्रीन की-बोर्ड

(B) ऑफस्क्रीन की-बोर्ड

(C) ऑनलाइन इलैक्ट्रॉनिक की-बोर्ड

(D) उपर्युक्त सभी

37. भारत का प्रथम सुपर कम्प्यूटर कौन-सा है ?

(A) परम-8000

(B) परम-8001

(C) परम-8080

(D) परम-8002

38. मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम में हिन्दी का प्रवेश कब हुआ ?

(A) 2000 के बाद

(B) 2003 के बाद

(C) 2005 के बाद

(D) 2008 के बाद

39. इंटरनेट बैंकिंग का क्या अर्थ है ?

(A) नेट पर बैंकों की बैठक

(B) नेट प्रैक्टिस

(C) इंटरनेट के जरिए बैंकिंग

(D) विदेशों के साथ संव्यवहार

40. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द इंटरनेट से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) की-बोर्ड

(B) लिंक

(C) ब्राउजर

(D) सर्च इंजन

41. ई-मेल का पूरा नाम क्या है ?

(A) इंग्लिश मेल

(B) इलेक्ट्रिक मेल

(C) इलैक्ट्रॉनिक मेल

(D) इसेन्सियल मेल

42. जंक ई-मेल को क्या कहते हैं ?

(A) क्रैप

(B) स्पूफ

(C) स्निफर स्क्रिप्ट

(D) स्पैम

43. संविधान के किस अनुच्छेद में कहा गया है कि संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी ?

(A) 343

(B) 344

(C) 345

(D) 346

44. राष्ट्रपति द्वारा अंग्रेजी को सहराजभाषा के रूप में कब स्वीकृति प्रदान की गई ?

(A) 14 सितम्बर, 1949

(B) 8 जनवरी, 1968

(C) 14 फरवरी, 1955

(D) 10 दिसम्बर, 1963

45. राजभाषा का क्या तात्पर्य है ?

(A) राजकाज की भाषा

(B) प्रशासनिक भाषा

(C) सरकार द्वारा प्रयुक्त भाषा

(D) उपरोक्त सभी

46. भाषा के आधार पर गठित होने वाला राज्य कौन-सा है ?

(A) मध्य प्रदेश

(B) आन्ध्र प्रदेश

(C) महाराष्ट्र

(D) उत्तर प्रदेश

47. पारिभाषिक शब्दावली की आवश्यकता किसके लिए है ?

(A) उच्च शिक्षा के लिए

(B) सरकारी काम-काज के लिए

(C) जनता के लिए

(D) शिक्षा एवं सरकारी काम-काज के लिए

48. पारिभाषिक शब्दावली निर्माण का अधिकार किसे है ?

(A) किसी भी व्यक्ति को

(B) किसी भी संस्था को

(C) किसी भी विश्वविद्यालय को

(D) केन्द्रीय सरकार को

49. पारिभाषिक शब्दावली के कितने स्रोत हैं ?

(A) एक

(B) तीन

(C) चार

(D) दस

50. पारिभाषिक विधि शब्दावली तैयार करने वाली संस्था का क्या नाम है ?

(A) भारत का सर्वोच्च न्यायालय

(B) बार काउंसिल ऑफ इण्डिया

(C) विधायी आयोग

(D) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली का स्थायी आयोग

51. ई-मेल का जन्मदाता किसे मानते हैं ?

(A) बिल गेट्स

(B) टिमोथी बिल

(C) लिंकन गोलिटसबर्ग

(D) रे टामलिंसन

52. स्पैम (Spam) किस विषय से सम्बन्धित है ?

(A) कम्प्यूटर

(B) कला

(C) संगीत

(D) खेल

53. गोपनीय कोड की कुछ प्रोग्रामों में प्रविष्टि प्रतिबंधित करता है :

(A) पासवर्ड

(B) पासपोर्ट

(C) एन्ट्री कोड

(D) एक्सेस कोड

54. निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है ?

(A) चैटिंग ई-मेल के समान है

(B) चैटिंग केवल एक व्यक्ति के साथ ही की जाती है

(C) चैटिंग में बहुत से लोग शामिल हो सकते हैं

(D) चैटिंग इलैक्ट्रॉनिक संवाद है

55. ब्राउजर क्या करता है ?

(A) पुस्तकालय में पत्रिकाओं और किताबों को ढूँढ़ता है

(B) सामग्री को तेजी से पढ़ता है

(C) आपका समय बर्बाद करता है

(D) यह वेब पेज देखने के लिए प्रयुक्त एक सॉफ्टवेयर है

56. निम्नलिखित में से कौन-सा ई-मेल से सम्बन्धित शब्द नहीं है ?

(A) पॉवर प्वाइंट

(B) इनबॉक्स

(C) सेंडर

(D) रिसीवर

57. सॉफ्टवेयर का निर्माण क्यों किया गया ?

(A) संगणक पर कार्य करने को सरल बनाने के लिए

(B) संगणक पर कार्य करने को जटिल बनाने के लिए

(C) संगणक पर कार्य करने को गुप्त बनाने के लिए

(D) उपर्युक्त सभी कार्यों के लिए

58. एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के प्रकार हैं :

(A) पेज़मेकर

(B) एम.एस. वर्ड

(C) कोरल ड्रा

(D) उपर्युक्त सभी

59. कम्प्यूटर क्या है ?

(A) एक कल्पना

(B) एक इलैक्ट्रॉनिक मशीन

(C) चित्र दिखाने वाली डिवाइस

(D) उपर्युक्त सभी

60. कम्प्यूटर का मुख्य-पटल क्या कहलाता है ?

(A) फादरबोर्ड

(B) मदरबोर्ड

(C) कीबोर्ड

(D) उपर्युक्त सभी

61. पहला कम्प्यूटर किसे माना जाता है ?

(A) अबेकस

(B) मारकेस

(C) माइक्रोसॉफ्ट

(D) उपर्युक्त सभी

62. सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर किस के भाग हैं ?

(A) कम्प्यूटर के

(B) रेडियो के

(C) टेलीविजन

(D) उपर्युक्त सभी के

63. कम्प्यूटर सारा डाटा कहाँ स्टोर करता है ?

(A) हार्डवेयर में

(B) सॉफ्टवेयर में

(C) मेमोरी में

(D) मॉनीटर में

64. मॉनीटर किस काम आता है ?

(A) डाटा डिस्प्ले करने में

(B) डाटा प्रोसेस करने के लिए

(C) डाटा स्टोर करने के लिए

(D) डाटा गायब करने के लिए

65. सेन्ट्रल प्रोसेसिंग यूनिट को क्या कहा जाता है ?

(A) CPU

(B) SPU

(C) SPY

(D) CPY

66. मॉनीटर, स्पीकर तथा प्रिंटर किसके भाग हैं ?

(A) इनपुट डिवाइस

(B) आउटपुट डिवाइस

(C) की-बोर्ड

(D) माउस

67. Word Wrap का क्या अर्थ है ?

(A) शब्दों के बीच स्पेस रखना

(B) शब्दों को दायें मार्जिन से सीधा करना

(C) टेक्स्ट को स्वतः अगली लाइन में पहुँचाना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

68. एम.एस वर्ड की होम मेनू में कितने ग्रुप होते हैं ?

(A) 4

(B) 5

(C) 6

(D) 7

69. भारत में सर्वप्रथम किस राज्य ने इंटरनेट पर टेलीफोन डायरेक्टरी उपलब्ध करायी ?

(A) सिक्किम

(B) अरुणाचल प्रदेश

(C) आन्ध्र प्रदेश

(D) बिहार

70. कम्प्यूटर को इंटरनेट से जोड़ने में कौन मदद करता है ?

(A) ब्राउज़र

(B) नेटफिट

(C) विंडोज-95

(D) केबल

71. भारत में इंटरनेट की शुरुआत कब हुई ?

(A) 15 अगस्त, 1995

(B) 9 अगस्त, 1995

(C) 8 अगस्त, 1994

(D) 7 अगस्त, 1996

72. संचार के उद्देश्य से कम्प्यूटर में क्या प्रयोग होता है ?

(A) नेटवर्किंग

(B) सॉफ्टवेयर

(C) भाषा

(D) मॉडेम

73. WWW से शुरु होने वाला पता किससे सम्बन्ध रखता है ?

(A) मॉडेम से

(B) इंटरनेट से

(C) टेलीफोन से

(D) वेबसाइट से

74. OCR सॉफ्टवेयर किन लोगों के लिए अधिक लाभकारी है ?

(A) सभी के लिए

(B) दृष्टिबाधितों के लिए

(C) हिन्दी जानने वालों के लिए

(D) उपर्युक्त सभी के लिए

75. 'पाणिनि' पार्सर किसे कहते हैं ?

(A) अनुवाद परियोजना को

(B) शब्द संसाधन को

(C) यूनिकोड को

(D) अक्षर ज्ञान को

76. औपचारिक पत्रों में पत्र समाप्ति पर 'स्वनिर्देश' हेतु क्या लिखा जाता है ?

(A) भवदीय

(B) शुभाकांक्षी

(C) आपका अपना

(D) उपर्युक्त सभी

77. किन पत्रों में पत्र लिखने वाला अपनी शैक्षिक योग्यता का उल्लेख करता है ?

(A) व्यावसायिक-पत्र

(B) आवेदन-पत्र

(C) अभिनन्दन-पत्र

(D) सरकारी-पत्र

78. शहर में फैल रहीं प्रदूषण, अस्वच्छता आदि समस्याओं पर किसे पत्र लिखना चाहिए ?

(A) पुलिस को

(B) न्यायालय को

(C) स्वास्थ्य अधिकारी को

(D) जनप्रतिनिधियों को

79. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यालयी प्रारूप नहीं है ?

(A) सरकारी-पत्र

(B) कार्यालय-आदेश

(C) अनुस्मारक-पत्र

(D) आवेदन-पत्र

80. संचार क्रान्ति के फलस्वरूप किस प्रारूप का प्रयोग अब बन्द हो गया है ?

(A) अधिसूचना

(B) घोषणा

(C) तार

(D) रेडियोग्राम

81. 'सरकारी-पत्र' परिपत्र आदि का मसौदा तैयार करना क्या कहलाता है ?

(A) प्रारूपण

(B) टिप्पण

(C) परिपत्र

(D) उपर्युक्त सभी

82. सरकारी-पत्रों में क्या जरूरी नहीं है ?

(A) शिष्टता

(B) विनम्रता

(C) संक्षिप्तता

(D) व्यक्तिगत शैली

83. अधिसूचना कहाँ प्रकाशित होती है ?

(A) सरकारी गजट में

(B) सरकारी पत्रिका में

(C) किसी भी पत्रिका में

(D) सामान्य पत्र रूप में

84. ऑनलाइन हिन्दी की साहित्यिक पत्रिका है :

(A) कथा बिम्ब

(B) कादम्बिनी

(C) तद्भव

(D) उपर्युक्त सभी

85. ऑनलाइन पुस्तकें पढ़ने का साधन है :

(A) ई-पुस्तक

(B) ई-पुस्तकालय

(C) पुस्तकालय

(D) उपर्युक्त सभी

86. ऑनलाइन शिक्षण का साधन है :

(A) गूगल क्लासरुम

(B) वेबसाइट

(C) इंटरनेट

(D) उपर्युक्त सभी

87. गूगल मीट में अधिकतम कितने प्रतिभागी ऑनलाइन जुड़ सकते हैं ?

(A) 100

(B) 200

(C) 300

(D) 400

88. गूगल मीट एप डाउनलोड कहाँ से करते हैं ?

(A) गूगल प्लेस्टोर से

(B) एप्पल स्टोर से

(C) इण्टरनेट से

(D) दोनों (A) एवं (B)

89. जूम क्या है ?

(A) एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवा

(B) चित्र दर्शन

(C) चैटिंग का साधन

(D) उपर्युक्त सभी

90. जूम मीटिंग की विशेषता है ?

(A) आमने-सामने बैठ के

(B) समूह वीडियो सम्मेलन

(C) रिकॉर्डिंग

(D) उपर्युक्त सभी

91. एक कम्प्यूटर में कितने वेब ब्राउजर को एक साथ चलाया जा सकता है ?

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 3 से ज्यादा

92. हार्ड डिस्क कितने प्रकार की होती हैं ?

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

93. इनमें से एक सही उत्तर का चयन कीजिए :

CARE

(A) सावधानी

(B) परवाह

(C) देखभाल

(D) उपर्युक्त सभी

94. इनमें से एक सही उत्तर का चयन कीजिए :

CHAIRMAN

(A) अध्यक्ष

(B) सभापति

(C) ग्रामपति

(D) प्रधान

95. इनमें से एक सही उत्तर का चयन कीजिए :

KEY

(A) आधारभूत

(B) सीमा

(C) कुंजी

(D) साधारण

96. इनमें से एक सही उत्तर का चयन कीजिए :

POST

(A) डाक

(B) पद

(C) चौकी

(D) उपर्युक्त सभी

97. किसी प्रसिद्ध उक्ति, कथन, सूक्ति को विस्तार के साथ लिखने की प्रक्रिया क्या कहलाती है ?

(A) संक्षेपण

(B) पल्लवन

(C) प्रारूपण

(D) टिप्पणी

98. 'गागर में सागर' का क्या अर्थ है ?

(A) अपनी बात को कम शब्दों में कहना

(B) बहुत सी बातों को संक्षेप में कहना

(C) बात को घुमा-फिरा कर कहना

(D) इधर-उधर की बात करना

99. कौन-सा संक्षेपण का गुण नहीं है ?

(A) स्पष्टता

(B) पूर्णता

(C) अपूर्णता

(D) संक्षिप्तता

100. इनमें से कौन-सा संक्षेपण का पर्यायवाची शब्द है ?

(A) आशय

(B) मुख्यार्थ

(C) भावार्थ

(D) उपर्युक्त सभी

K-037

Roll No. ........................

Paper Code – A010301T

B.A.II (Semester-III) EXAMINATION, 2022-23

(NEP)

HINDI

(Hindi Gadya)

(हिन्दी गद्य)

Time : Two Hours] [Maximum Marks : 75

---

**नोट–** इस प्रश्नपत्र में तीन खण्ड "अ", "ब" और "स" हैं। प्रत्येक खण्ड में वर्णित निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नपत्र हल कीजिए। अभ्यर्थियों को अपने उत्तर केवल दी गई उत्तर पुस्तिका में ही देना है। कोई अलग से उत्तर पुस्तिका (B कॉपी) उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।

## खण्ड–अ

## (लघु–उत्तरीय प्रश्न)

**नोट–** सभी प्रश्न **अनिवार्य** है। निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लघु उत्तरीय प्रश्नों के रूप में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है।

1. (क) संस्मरण और रेखाचित्र के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

(ख) जीवनी और आत्मकथा क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'पाजेब' कहानी का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(घ) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की समस्या पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

(ङ) रिपोर्ताज़ पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(च) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के व्यक्तित्व पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

(छ) भारतीय एवं पाश्चात्य दृष्टि से आलोचना के प्रकार बताइए।

(ज) एकांकी के तत्वों पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

(झ) 'मित्रता' निबन्ध का परिचय दीजिए।

## खण्ड–ब

## (दीर्घ--उत्तरीय प्रश्न)

**नोट–** प्रस्तुत खण्ड में चार दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं जिनमें से **एक** प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का है।

2. उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'झांसी की रानी' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

3. हिन्दी निबन्ध के उद्‌भव और विकास पर विस्तृत प्रकाश डालिए।

**अथवा**

4. 'चन्द्रगुप्त' के चरित्र–चित्रण का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

**अथवा**

5. कहानी कला के तत्वों के आधार पर यशपाल कृत 'परदा' कहानी पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड–स

## (दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)

**नोट–** प्रस्तुत खण्ड में चार दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं जिनमें से **एक** प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का है।

6. यात्रावृत्तान्त के विभिन्न पहलुओं का वर्णन करते हुए राहुलसांकृत्यायन के यात्रा साहित्य पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

अथवा

7. डायरी विधा का परिचय देते हुए 'एक साहित्यिक की डायरी' के आधार पर मुक्तिबोध के डायरी लेखन की विशेषताओं का विस्तृत वर्णन कीजिए।

अथवा

8. जीवनी क्या है ? अमृतराय द्वारा लिखित 'कलम का सिपाही' की विस्तृत आलोचना कीजिए।

अथवा

9. 'गिल्लू' रेखाचित्र के माध्यम से महादेवी वर्मा की भावुक, स्नेहिल व दार्शनिक भावनाओं को व्यक्त कीजिए।

••••

Roll. No. ........................

O.M.R. Serial No. | | | | | | | | |

Question Booklet Number

132607

# B.A. (SEM.-IV) (NEP) EXAMINATION, 2023

## HINDI

## (Hindi Anuwad)

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 0 | 4 | 0 | 1 | T |

Question Booklet Series
**C**

**Time : 1 : 30 Hours** **Max. Marks : 75**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as - A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct / answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

*(Remaining instructions on last page)*

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C एवं D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. किस प्रकार के अनुवाद में भाव, अर्थ और विचार पर अधिक ध्यान दिया जाता है ?

(A) शब्दानुवाद में

(B) सारानुवाद में

(C) भावानुवाद में

(D) यान्त्रिक अनुवाद में

2. अनुवाद एक :

(A) कला है।

(B) शिल्प है।

(C) विज्ञान है।

(D) उपर्युक्त सभी

3. अच्छे अनुवादकों की कमी अनुवाद की एक :

(A) प्रक्रिया है।

(B) सीमा है।

(C) समस्या है।

(D) कला है।

4. वैदिक व्याकरण, पाणिनि आदि के लेखन का कार्य किसके कारण सरल हुआ है ?

(A) शिक्षा के कारण

(B) भाषा के कारण

(C) अनुवाद के कारण

(D) उपर्युक्त सभी

5. अनुवाद का प्रारम्भ हुआ है :

(A) कहानियों के अनुवाद से

(B) धर्मग्रन्थों के लोक भाषा में अनुवाद से

(C) कविताओं के अनुवाद से

(D) नाटकों के अनुवाद से

6. संस्कृत और पालि से चीनी भाषा में अनुवाद की शुरूआत किस शताब्दी से हुई ?

(A) ईसा की दूसरी शताब्दी से

(B) ईसा की पहली शताब्दी से

(C) ईसा की चौथी शताब्दी से

(D) ईसा की तीसरी शताब्दी से

7. कोश का सबसे प्राचीन नाम है :

(A) अभिधान

(B) निघण्टु

(C) शब्दकोश

(D) शब्द मंजरी

8. वह ग्रन्थ जिसमें विशेष क्रम से शब्द दिए हों और उनके आगे अर्थ दिए हों, कहलाता है :

(A) कोश

(B) अनुवादक

(C) शब्दार्थ

(D) कंजिका

9. हिन्दी साहित्य कोश के सम्पादक थे :

(A) धीरेन्द्र वर्मा

(B) मानसिंह वर्मा

(C) सुरेन्द्र वर्मा

(D) सत्य प्रकाश वर्मा

10. अनुवाद को सम्पूर्णता की ओर बढ़ाने का एक महत्त्वपूर्ण चरण है :

(A) समीक्षा

(B) पुनरीक्षण

(C) समालोचना

(D) सारांश

11. अनुवाद प्रक्रिया के सोपाना हैं :

(A) विश्लेषण

(B) अन्तरण

(C) पुनर्गठन

(D) उपर्युक्त सभी

12. अनुवाद के माध्यम से किसका परिचय मिलता है ?

(A) संस्कृति का

(B) विभिन्न भाषाओं का

(C) भारतीय भाषाओं में किए गए कार्यों का

(D) देश-प्रदेश का

13. भाषाओं और संस्कृतियों के बीच अनुवाद किस रूप में कार्य कर रहा है ?

(A) धारा के रूप में

(B) नदी के रूप में

(C) संवाद के रूप में

(D) बाँध के रूप में

14. संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ उल्लिखित हैं ?

(A) 20

(B) 21

(C) 22

(D) 23

15. अनुवाद का उपयोग जीवन के किस क्षेत्र में होता है ?

(A) जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में

(B) शिक्षा के क्षेत्र में

(C) कला के क्षेत्र में

(D) विज्ञान के क्षेत्र में

16. समान्तर कोश के रचयिता हैं :

(A) अरविंद कुमार

(B) आकाश कुमार

(C) पंकज कुमार

(D) रघुवीर शरण

17. अनुवाद की सृजनात्मकता और रचनाशीलता की महत्त्वपूर्ण कसौटी है :

(A) सृजनात्मक अनुवाद

(B) साहित्यिक अनुवाद

(C) भाषिक अनुवाद

(D) रूपान्तरण

18. टेक्निकल (Technical) शब्द का हिन्दी रूपान्तर है :

(A) सामान्य शब्द

(B) पारिभाषिक शब्द

(C) दोनों (A) और (B)

(D) उपरोक्त सभी

19. अंग्रेजी शब्द 'Pay' का अनुवाद होगा :

(A) अदा करें

(B) वापस करें

(C) प्राप्त करें

(D) प्रदान करें

20. हिन्दी भाषा में किसी भी समय अभिवादन के लिए उपयुक्त शब्द है :

(A) नमस्ते

(B) गुड मॉर्निंग

(C) गुड इवनिंग

(D) गुड नाइट

21. Good Morning का व्यावहारिक प्रयोग किया जाता है :

(A) समय के सन्दर्भ में

(B) प्रातःकाल के सन्दर्भ में

(C) अभिवादन के सन्दर्भ में

(D) उपरोक्त सभी

22. जिसमें अतीत की घटनाओं को दिखाया जाता है, वह तकनीक है :

(A) फ्लैशबैक

(B) फिल्मांकन

(C) रूपान्तरण

(D) लिप्यान्तरण

23. तमस के रचनाकार कौन हैं ?

(A) बच्चन सिंह

(B) भीष्म साहनी

(C) नागार्जुन

(D) प्रेमचन्द

24. 'मारे गये गुलफाम' कहानी पर बनी फिल्म का नाम है :

(A) तीसरी कसम

(B) गाइड

(C) तमस

(D) रुदाली

25. मनुष्य स्वभाव से है :

(A) भावपूर्ण

(B) संज्ञा शून्य

(C) समझदार

(D) नासमझ

26. अनुवाद की भाषा होनी चाहिए :

(A) एकार्थक

(B) अर्थवान

(C) व्याकरण सम्मत

(D) उपर्युक्त सभी

27. अनुवाद का समानार्थक संस्कृत शब्द कौन-सा है ?

(A) योषिपेयर्त्यु

(B) ट्रांसलेशन

(C) अनुवाक्

(D) ट्रण्डुक्शन

28. "अनुवाद एक व्याख्यात्मक कला है।" यह किस विद्वान ने कहा है ?

(A) नाइडा

(B) डर्टिस्ट

(C) नेरोटो पोगिओलो

(D) के.सी. कैटफोर्ड

29. स्रोत भाषा की रचना को लक्ष्य भाषा में परिवर्तित करने वाला कहलाता है :

(A) अनुवादक

(B) लेखक

(C) रचनाकार

(D) कथाकार

30. मशीनी अनुवाद का कार्य होता है :

(A) मनुष्य द्वारा

(B) कम्प्यूटर द्वारा

(C) रेडियो द्वारा

(D) फोन द्वारा

31. अनुवादक को ज्ञान होना चाहिए :

(A) भाषा का

(B) शब्दों का

(C) संस्कृति का

(D) उक्त सभी का

32. अनुवाद दो भिन्न भाषाओं के बीच होने वाली कैसी प्रक्रिया है ?

(A) भाषिक

(B) अभाषिक

(C) पारिभाषिक

(D) बहुभाषिक

33. आधुनिक काल में अनुवाद का आरम्भ किस शताब्दी से माना जाता है ?

(A) 12वीं शताब्दी

(B) 19वीं शताब्दी

(C) 16वीं शताब्दी

(D) 18वीं शताब्दी

34. वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना कब हुई ?

(A) अक्टूबर, 1961

(B) अक्टूबर, 1981

(C) अक्टूबर, 1971

(D) अक्टूबर, 1991

35. अपने किए गए अनुवाद की स्वयं जाँच करना कहलाता है :

(A) पुनरोगामी पुनरीक्षण

(B) पश्चगामी पुनरीक्षण

(C) स्वपुनरीक्षण

(D) बहुस्तरीय पुनरीक्षण

36. पारिभाषिक शब्द का अन्य नाम है :

(A) तकनीकी शब्द

(B) विशिष्ट शब्द

(C) आध्यात्मिक शब्द

(D) दोनों (A) और (B)

37. अनुवाद का क्षेत्र है :

(A) संकुचित

(B) विस्तृत

(C) सामान्य

(D) उपर्युक्त सभी

38. अंग्रेजी के Translation शब्द का अर्थ हिन्दी में लिया जाता है :

(A) अनुवाद

(B) संज्ञा

(C) थिसॉरस

(D) तर्जुमा

39. मानकीकरण से क्या तात्पर्य है :

(A) विलोम

(B) तत्सम

(C) प्रचलित कई शब्दों के स्थान पर एक बहुप्रचलित शब्द रखना

(D) तद्भव

40. एक लिपि में लिखे गये शब्द या पाठ का अन्य लिपि में अन्तरण को कहते हैं :

(A) रूपान्तरण

(B) लिप्यांतरण

(C) तर्जुमा

(D) उपर्युक्त सभी

41. किस विद्वान ने अनुवाद और भाषान्तर को पर्याय शब्द माना है ?

(A) डॉ. सुरेश कुमार

(B) डॉ. भोलानाथ तिवारी

(C) विनोद गोदरे

(D) पटनायक

42. अन्तर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस कब मनाया जाता है ?

(A) 6 दिसम्बर

(B) 11 नवम्बर

(C) 30 सितम्बर

(D) 10 जनवरी

43. हैकल की क्रान्तिकारी पुस्तक "रिडिल ऑफ दि यूनिवर्स" का विश्व प्रपंच नाम से अनुवाद किसने किया ?

(A) रामचन्द शुक्ल

(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(C) नागार्जुन

(D) प्रेमचन्द

44. "अनुवाद पुनरुक्ति नहीं है क्योंकि पुनरुक्ति निरर्थक होती है।" यह कथन किस व्याख्याकार का है ?

(A) पाणिनि

(B) वात्स्यायन

(C) याज्ञवल्क्य

(D) कौटिल्य

45. अनुवाद का शाब्दिक अर्थ है :

(A) पढ़ना

(B) बोलना या कहना

(C) लिखना

(D) सोचना

46. अनुवाद का महत्त्व दिनोदिन......... है।

(A) घट रहा

(B) बढ़ रहा

(C) स्थिर बना हुआ

(D) न घट रहा न बढ़ रहा

47. तर्जुमा किस भाषा का शब्द है ?

(A) हिन्दी

(B) उर्दू

(C) संस्कृत

(D) बंगाली

48. विश्व को ग्लोबल बनाने में सर्वाधिक भूमिका है:

(A) अनुवाद की

(B) भाषा की

(C) भ्रमण की

(D) शिक्षा की

**निर्देशः प्रश्न संख्या 49 से प्रश्न संख्या 58 तक पारिभाषिक शब्दों के सही उत्तर लिखिए:**

49. Adjustment :
    (A) सम्मिलित
    (B) समायोजन
    (C) व्यवस्थित
    (D) सही

50. Adult :
    (A) प्रौढ़/वयस्क
    (B) छोटा
    (C) बुजुर्ग
    (D) बड़ा

51. Argument :
    (A) विवाद
    (B) बातचीत
    (C) चर्चा
    (D) तर्क

52. Administrative :
    (A) स्वीकार्थ
    (B) शासकीय
    (C) प्रतिकूल
    (D) संक्षेप

53. Agenda :
    (A) कार्यसूची
    (B) झण्डा
    (C) सूचीपत्र
    (D) रूपरेखा

54. Balance :
    (A) अनुमोदन
    (B) शेष/बाकी
    (C) उदासीनता
    (D) संघ

55. Cabinet :
    (A) मन्त्रिमण्डल
    (B) पंचायत
    (C) समूह
    (D) विधानमण्डल

56. Chairman :
    (A) कुलाधिपति
    (B) सभापति
    (C) नौसेना अध्यक्ष
    (D) रसायन परीक्षक

57. Document :
    (A) कागज़
    (B) दस्तावेज
    (C) प्रमाणपत्र
    (D) प्रतिलिपि

58. Tally :
    (A) गणित
    (B) जोड़ना
    (C) मिलान करना
    (D) घटाना

59. "What is the time?" का सही हिन्दी अनुवाद होगा :

(A) क्या बजा है ?

(B) क्या बज रहा है ?

(C) क्या समय हुआ है ?

(D) उपर्युक्त सभी

60. भारतीय भाषाओं का अनुवाद कब से हो रहा है ?

(A) शताब्दियों से

(B) मध्यकाल से

(C) आधुनिक काल से

(D) वर्तमान काल से

61. पर्याय कोश में दिये जाते हैं :

(A) शब्दों के समानार्थी शब्द

(B) शब्दों के विलोम शब्द

(C) शब्दों के बहुरूप शब्द

(D) शब्दों के एक अर्थ शब्द

62. दो भाषाओं का कोश कहलाता है :

(A) द्विभाषिक कोश

(B) एकभाषिक कोश

(C) शब्दमाला कोश

(D) भाषिक कोश

63. ज्ञान-विज्ञान में प्रयुक्त होने वाले 'विशिष्ट' शब्द कहलाते हैं :

(A) सामान्य शब्द

(B) पारिभाषिक शब्द

(C) साहित्यिक शब्द

(D) उपरोक्त सभी

64. हिन्दी उच्चारण कोश के लेखक कौन हैं ?

(A) कृष्ण कुमार भार्गव

(B) भोलानाथ तिवारी

(C) डॉ. धीरेन्द्र वर्मा

(D) डॉ. नगेन्द्र

65. जिसमें ज्ञान की सभी शाखाओं का सन्निनेश होता है, उसे कहा जाता है :

(A) पर्याय कोश

(B) शब्द कोश

(C) विश्वकोश

(D) भाषिक कोश

66. पारिभाषिक शब्दावली निर्माण का पुरोधा किसे कहा जाता है ?

(A) डॉ. श्यामसुन्दर दास

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) डॉ. रघुवीर

(D) सुधाकर द्विवेदी

67. गूँगे-बहरे लोग आपस में कैसे बातें करते हैं ?

(A) बोलकर

(B) दूसरों से पूछकर

(C) संकेत द्वारा

(D) वे बात नहीं करते

68. भारतीय भाषाओं में दर्शन होते हैं :

(A) भिन्नता में अभिन्नता के

(B) एकरूपता के

(C) समानधर्मिता के

(D) उपर्युक्त सभी के

69. 'अनुवाद' शब्द में कौन-सा उपसर्ग जुड़ता है ?

(A) अन्

(B) अनु

(C) वाद

(D) अभि

70. पुराणों की कितनी संख्या मानी गयी है ?

(A) पन्द्रह

(B) सोलह

(C) सत्रह

(D) अट्ठारह

71. रवीन्द्रनाथ टैगोर किस भाषा के रचनाकार हैं ?

(A) बंगला भाषा

(B) तमिल भाषा

(C) तेलुगू भाषा

(D) कन्नड़ भाषा

72. द्रविड़ परिवार की भाषाओं की संख्या कितनी है ?

(A) दो

(B) चार

(C) छः

(D) आठ

73. भारत में मुख्य रूप से किन दो भाषा परिवार की भाषाएँ प्रचलित हैं ?

(A) द्रविड़ परिवार

(B) आर्य परिवार

(C) यूरोपीय परिवार

(D) दोनों (A) और (B)

74. मराठी भाषा कहाँ की भाषा है ?

(A) असम की

(B) महाराष्ट्र की

(C) पंजाब की

(D) बंगाल की

75. "I have two daughters." का सही अनुवाद है :

(A) मैं दो लड़कियाँ रखता हूँ।

(B) मेरे दो लड़कियाँ हैं।

(C) मेरे पास दो लड़कियाँ हैं।

(D) मुझे दो लड़कियाँ हैं।

76. "Interpretation" का हिन्दी अनुवाद होगा :

(A) आशु अनुवाद

(B) वाणिज्यिक अनुवाद

(C) कार्यालयी अनुवाद

(D) साहित्यिक अनुवाद

77. अनुवाद की सीमाएँ कौन निर्धारित करता है ?

(A) अनुवादक

(B) लेखक

(C) प्रकाशक

(D) भाषा

78. अनुवाद प्रक्रिया को एक प्रविधि के रूप में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया का कारण है :

(A) दूसरी भाषा सीखने की चाह

(B) देश-विदेश घूमने की चाह

(C) दूसरी भाषा के साहित्य को पढ़ने की चाह

(D) उपर्युक्त सभी

79. उत्तर भारत का 'तीज' पर्व ओडिशा में कहलाता है :

(A) तज पर्व

(B) रज पर्व

(C) सज पर्व

(D) कंज पर्व

80. 'थिसॉरस' शब्द किस भाषा से लिया गया है ?

(A) अंग्रेजी

(B) हिन्दी

(C) संस्कृत

(D) ग्रीक

81. अनुवाद का प्रमुख साधन है :

(A) कोश

(B) भाषा

(C) अनुवादक

(D) उपर्युक्त सभी

82. शब्दों और उसकी परिभाषाओं का संग्रह है :

(A) पर्याय कोश

(B) शब्द कोश

(C) बहुभाषिक कोश

(D) उच्चारण कोश

83. अनुवाद के बाद होने वाली प्रक्रिया क्या कहलाती है ?

(A) पुनरीक्षण

(B) मूल्यांकन

(C) समालोचना

(D) दोनों (A) और (B)

84. प्रशासनिक अथवा कार्यालयों से सम्बद्ध साहित्य का अनुवाद कहलाता है :

(A) प्रशासनिक अनुवाद

(B) विधि अनुवाद

(C) संविधान अनुवाद

(D) वाणिज्य अनुवाद

85. यदि अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करना हो तो किस बात का ध्यान रखना चाहिए ?

(A) अंग्रेजी भाषा की प्रकृति का

(B) हिन्दी भाषा की प्रकृति का

(C) अंग्रेजी और हिन्दी भाषा की प्रकृति का

(D) अपने भाव की प्रकृति का

86. पटकथा को तैयार करने के लिए सबसे पहले किसकी आवश्यकता होती है ?

(A) लेखक की

(B) कहानी की

(C) अनुवादक की

(D) निर्देशक की

87. जिस भाषा से अनुवाद किया जाता है, उसे कहते हैं :

(A) मूल या स्रोत भाषा

(B) लक्ष्य भाषा

(C) प्रस्तुत भाषा

(D) उपर्युक्त सभी

88. नागरी लिपि को रोमन लिपि में लिखना कहलाता है :

(A) रूपान्तरण

(B) लिप्यान्तरण

(C) भाषा बदलना

(D) उपर्युक्त सभी

89. अंग्रेजी वाक्य को हिन्दी में कहना कहलाता है :

(A) अनुवाद

(B) लिप्यान्तरण

(C) रूपान्तरण

(D) उपर्युक्त सभी

90. हिन्दी का 'अवस्था' शब्द तमिल में किस अर्थ में प्रयुक्त होता है ?

(A) हालत

(B) दशा

(C) उम्र

(D) कष्ट

91. भारतीय भाषाओं में किस व्यवस्था में समानता मिलती है ?

(A) संज्ञा व्यवस्था में

(B) सर्वनाम व्यवस्था में

(C) विशेषण व्यवस्था में

(D) क्रिया व्यवस्था में

92. भारत की बहुभाषिकता में अनुवाद की क्या भूमिका है ?

(A) संक्षिप्त

(B) महत्त्वपूर्ण

(C) साधारण

(D) उपर्युक्त सभी

93. वस्तु के आधार पर अनुवाद के कितने प्रकार हैं?

(A) चार

(B) पाँच

(C) छः

(D) सात

94. किसी कही गई बात को फिर से दुहराना/कहना क्या कहलाता है ?

(A) पुनरुक्ति

(B) अनुवाद

(C) पुनर्कथन

(D) उपर्युक्त सभी

95. अनुवाद के अन्य नाम या पर्याय क्या हैं ?

(A) उत्था

(B) तर्जुमा

(C) दोनों (A) और (B)

(D) इनमें से कोई नहीं

96. मशीनी अनुवाद के सामान्यतः कितने प्रकार माने गये हैं ?

(A) दो

(B) चार

(C) तीन

(D) एक

97. किस प्रक्रिया में कथन का अर्थ ज्यों का त्यों रहता है ?

(A) कहानी में

(B) नाटक में

(C) अनुवाद में

(D) सभी में

98. यह अनुवाद का एक प्रकार है जिसमें स्रोत सामग्री का शब्दशः अनुवाद किया जाता है :

(A) शब्दानुवाद

(B) निर्बद्ध अनुवाद

(C) पूर्णानुवाद

(D) शब्द के लिए शब्द रूप अनुवाद

99. अनुवाद के प्रमुख तत्त्व हैं :

(A) पाठ

(B) स्रोत भाषा

(C) लक्ष्य भाषा

(D) उपरोक्त सभी

100. नाइडा अनुवाद को किस रूप में स्वीकार करते हैं ?

(A) वैज्ञानिक तकनीक के रूप में

(B) भाषिक तकनीक के रूप में

(C) ज्ञान विज्ञान के रूप में

(D) सामाजिक प्रक्रिया के रूप में

Roll No. : ..........................

# Paper Code : A010101T

## B.A.-I (Semester-I) Examination, 2023-24

## (NEP)

## HINDI

## ( Hindi Kavya )

**Time : Two Hours]** **[Maximum Marks : 75**

---

**निर्देश:** 1. इस प्रश्न-पत्र में तीन खण्ड – अ, ब एवं स हैं। सभी खण्डों से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

2. अभ्यर्थी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें। यदि किसी प्रश्न के कई भाग हों, तो उनके उत्तर एक ही तारतम्य में लिखे जाएँ।

3. "बी" कॉपी उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।

### (खण्ड-अ)

### (लघुउत्तरीय प्रश्न)

**निर्देश:** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। इन प्रश्नों के उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में दीजिए। [3×9=27]

1. (क) हिन्दी की विभिन्न उपभाषाओं से विकसित बोलियों का परिचय दीजिए।

(ख) 'आदिकाल' के विभिन्न नामों का वर्णन करते हुए इसके नामकरण की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

(ग) रीतिकालीन साहित्य के प्रमुख भेदों पर प्रकाश डालिए।

(घ) द्विवेदीयुगीन कविता की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) छायावादी कवि 'चातुष्ट्य' का परिचय देते हुए उनकी प्रमुख काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(च) प्रयोगवादी कविता की विभिन्न प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए।

(छ) "खड़ी बोली में काव्य रचना करने वाले अमीर खुसरो प्रथम कवि हैं।" सिद्ध कीजिए।

(ज) 'मोचीराम' शीर्षक कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(झ) 'गीत' विधा की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करते हुए गोपाल दास 'नीरज' के गीतों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

## (खण्ड-ब)

## (व्याख्यात्मक प्रश्न)

निर्देशः सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

[6×4=24]

2. देख-देख राधा रूप अपार।

अपरूब के बिहि आनि मेरा ओल, खिति तल लावनि सार।

अंगहि अंग अनंग मुरछाएत हेरए पड़ए अथीर।

मनमथ कोटि मथन करु जे जन से हेरि महि मधि गीर।

कत कत लखिमि चरन तल ने ओछए रंगनि हेरि बिभोरि।

करु अभिलाख मनहि पद पंकज अहनिशि कोर अगोरि।।

**अथवा**

हँसिबा षेलिबा रहिबा रंग, काम क्रोध न करिबा-संग।

हँसिबा षेलिबा गाइबा गीत, दिढ़ करि राखि अपना चीत।

हँसिबा षेलिबा धरिबा ध्यानं, अहनिसि कथिबा ब्रह्म गियानं।

हँसै खेलै न करै मन भंग, ते निहचल सदा नाथ कै संग।

अहनिसि मन लै उनमन रहै, गम की छाँड़ि अगम की कहै।

छाड़ै आसा रहै निरास, कहै ब्रह्मा हूँ ताका दास।।

Turn Over

3. आयौ घोष बड़ौ ब्योपारी।

लादि खेप गुन ज्ञान-जोग की, ब्रज में आय उतारी।

काटक दै कै हाटक माँगत, भौरे निपट सुधारी।

धुर ही ते खोटो खायौ है, लये फिरत सिर भारी।

इनके कहै कौन डहकावै, ऐसो कौन अजानी।

अपनो दूध छाँड़ि को पीवै, खारे कूप कौ पानी।

ऊधौ जाहु संबार यहाँ ते, बेगि गहरु जनि लावौ।

मुँह माँग्यौ पैहो सूरज प्रभु, साहुहि आनि दिखावौ।।

**अथवा**

माया दीपक नर पतंग, भ्रमि-भ्रमि इवै पड़ंत।

कहैं कबीर गुरु ग्यान ते, एक आध उबरंत।।

यह तन जारौ मसि करूँ, लिखौं राम का नाउँ।

लेखणि करूँ करंक की, लिखि लिखि राम पठाउँ।।

4. हौं रीझी लखि रीझिहौ, छबिहिं छबीले लाल।

सोनजुही सी होति दुति, मिलत मालती माल।।

बहके सब जिय की कहत, ठौरु कुठौरु लखै न।

छिन औरे छिन और से, ए छबि छाके नैन।।

**अथवा**

रोकहिं जौ तो अमंगल होय औ प्रेम नसै जो कहैं पिय जाइए।

जौ कहैं जाहु न तौ प्रभुता जौ कछू न कहैं तौ सनेह नसाइए।

जौ हरिचंद कहैं तुमरे बिनु जीहैं न तौ कहौ क्यों पतिआइए।

तासौ पयान समै तुम्हरे हम का कहैं आपु हमें समझाइए।।

5. इस करुणा कलित हृदय में, क्यों विकल रागिनी बजती।

क्यों हाहाकार स्वरों में, वेदना असीम गरजती

मानस सागर के तट पर, क्यों लोल लहर की बातें।

कल कल ध्वनि से हैं कहती, कुछ विस्मृत बीती बातें।।

**अथवा**

जो यह सोचता कि पेशा एक जाति है

और भाषा पर

आदमी का नहीं, किसी जाति का अधिकार है।

जबकि असलियत यह है कि आग
सबको जलाती है, सच्चाई
सबसे होकर गुजरती है।
कुछ हैं जिन्हें शब्द मिल चुके हैं
कुछ हैं, जो अक्षरों के आगे अंधे हैं।
वे हर अन्याय को चुपचाप सहते हैं
और पेट की आग से डरते हैं
जबकि मैं जानता हूँ कि 'इंकार से भरी हुई एक चीख'
और 'एक समझदार चुप'
दोनों का मतलब एक है।

## (खण्ड-स)

## (दीर्घउत्तरीय प्रश्न)

**निर्देशः** निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर कम से कम **1000** शब्दों में दीजिए। [12×2=24]

6. भवानी प्रसाद मिश्र की कविता 'गीत फरोश' की विभिन्न विशेषताओं की सोदाहरण विवेचना कीजिए।

7. "तुलसी का काव्य समन्वय की विराट चेष्टा है।" इस कथन के आधार पर सिद्ध कीजिए कि तुलसी एक समन्वयवादी कवि हैं।

8. मलिक मुहम्मद जायसी कृत 'पद्मावत' के 'मान सरोदक खण्ड' के काव्यगत सौन्दर्य का वर्णन कीजिए।

9. 'निराला प्रगतिवाद के अग्रदूत हैं।' सिद्ध कीजिए।

----- x -----

Roll No. : ..............................

# Paper Code : A010301T

**B.A.-II (Semester-III) Examination, 2023-24**

**(NEP)**

**HINDI**

**( Hindi Gadya )**

**Time : Two Hours]** **[Maximum Marks : 75**

---

निर्देशः 1. इस प्रश्न-पत्र में तीन खण्ड - अ, ब एवं स हैं। सभी खण्डों से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

2. अभ्यर्थी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें। यदि किसी प्रश्न के कई भाग हों, तो उनके उत्तर एक ही तारतम्य में लिखे जाएँ।

3. "बी" कॉपी उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।

## (खण्ड-अ)

## (लघुउत्तरीय प्रश्न)

निर्देशः सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। इन प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दीजिए। [3×9=27]

1. (क) डायरी लेखन से आप क्या समझते हैं? संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

(ख) व्यंग्य विधा पर संक्षिप्त में प्रकाश डालिए।

(ग) आत्मकथा से आप क्या समझते हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(घ) एकांकी और नाटक में क्या अन्तर है ? स्पष्ट कीजिए।

(ङ) आलोचना को परिभाषित करते हुए संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

(च) उपन्यास एवं कहानी का अन्तर स्पष्ट करते हुए परिभाषित कीजिए।

(छ) 'लक्ष्मी का स्वागत' उपेन्द्र नाथ अश्क द्वारा रचित एकांकी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ज) ज्ञानरंजन कृत 'पिता' कहानी की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(झ) 'मित्रता' निबन्ध पर संक्षिप्त में प्रकाश डालिए।

**अथवा**

(ञ) 'झांसी की रानी' उपन्यास शीर्षक की सार्थकता पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

## (खण्ड-ब)

## (दीर्घउत्तरीय प्रश्न)

**निर्देशः** निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 12 अंकों का है। [2×12=24]

2. हिन्दी नाटक के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

3. वृन्दावनलाल वर्मा कृत 'झांसी की रानी' उपन्यास के आधार पर लक्ष्मीबाई का चरित्र-चित्रण कीजिए।

4. 'पंच परमेश्वर' कहानी के आधार पर शिल्पगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

5. हजारी प्रसाद द्विवेदी कृत 'अशोक के फूल' निबन्ध का सारांश लिखिए।

## (खण्ड-स)

## (दीर्घउत्तरीय प्रश्न)

**निर्देशः** निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 12 अंकों का है। [2×12=24]

6. हिन्दी गद्य की अन्य विधाओं का उद्भव और विकास पर विस्तृत चर्चा कीजिए।

Turn Over

7. हिन्दी आलोचना को परिभाषित करते हुए उसके उत्तरोत्तर विकास पर प्रकाश डालिए।

8. प्रसाद कृत 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के आधार पर 'ध्रुवस्वामिनी' की चारित्रिक विशेषताओं पर विस्तृत प्रकाश डालिए।

9. 'तीस बरस का साथी' संस्मरण के माध्यम से रामविलास शर्मा के भावों पर प्रकाश डालिए।

----- x -----

Roll No. : ............................

# Paper Code : A010501T

## B.A.-III (Semester-V) Examination, 2023-24

(NEP)

HINDI

( Sahitya Shastra Aur Hindi Aalochana )

Time : Two Hours] [Maximum Marks : 75

निर्देशः 1. इस प्रश्न-पत्र में तीन खण्ड - अ, ब एवं स हैं। सभी खण्डों से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

2. अभ्यर्थी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें। यदि किसी प्रश्न के कई भाग हों, तो उनके उत्तर एक ही तारतम्य में लिखे जाएँ।

3. "बी" कॉपी उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।

### खण्ड-क

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है। [9×5=45]

1. (क) काव्य प्रयोजन किसे कहते हैं? प्रमुख काव्य-प्रयोजनों का नामोल्लेख कीजिए।

(ख) रस किसे कहते हैं? भरतमुनि द्वारा उल्लिखित रसों के नाम एवं उनके स्थायीभाव लिखिए।

(ग) लक्षणा शब्द शक्ति को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) नाटक में नायक के प्रमुख गुणों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) कल्पना और फैंटेसी को परिभाषित कीजिए।

(च) मार्क्सवादी आलोचना किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(छ) यथार्थवाद का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ज) रामचन्द्र शुक्ल की आलोचना पद्धति की तीन विशेषताओं को व्यक्त कीजिए।

(झ) नाटक के प्रमुख तत्त्वों का नामोल्लेख कीजिए।

## खण्ड-ब

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देशः निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **15** अंकों का है।

[1×15=15]

2. काव्यात्मा किसे कहते हैं? भारतीय काव्यशास्त्रियों ने किन-किन काव्यांगों को काव्यात्मा कहा है? स्पष्ट कीजिए।

3. रस सूत्र की व्याख्या करते हुए आचार्य भरतमुनि के रस सिद्धान्त की समीक्षा कीजिए।

4. काव्यगुण किसे कहते हैं? प्रमुख काव्यगुणों का परिचय दीजिए।

5. रंगमंच की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए।

## खण्ड-स

**निर्देश:** निम्न में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **15** अंकों का है। [1×15=15]

6. अरस्तू के अनुकरण सिद्धान्त का विस्तृत विवेचन कीजिए।

7. मनोविश्लेषणवादी आलोचक फ्रायड की आलोचना पद्धति पर विस्तार से प्रकाश डालिए।

8. नयी समीक्षा का विवेचन कीजिए।

9. आलोचनात्मक निबन्ध 'काव्य में लोकमंगल' के आधार पर आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की आलोचना पद्धति का परिचय दीजिए।

----- x -----